भारत सरकार

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **2249** जिसका उत्तर

शुक्रवार, **15 दिसंबर, 2023/ 24 अग्रहायण**, 1945 (शक) को दिया जाना है

सागरमाला परियोजनाओं के लिए निधियां

†2249. श्री मोहम्मद फैजल पी. पी. :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी संख्या में परियोजनाओं के कार्यान्वयन में विलंब के क्या कारण हैं;

(ख) सरकार द्वारा विलंब को दूर करने और उक्त परियोजनाओं के विकास और कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) विकासाधीन परियोजनाओं के लिए स्वीकृत निधियां जारी न किए जाने के क्या कारण हैं और इस संबंध में क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री

(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क): सागरमाला कार्यक्रम के अंतर्गत परियोजनाओं के कार्यान्वयन में विलंब के कारणों की मुख्य वजह भूमि अधिग्रहण, कानूनी मंजूरी, स्थानीय विरोध, कार्य क्षेत्र में बदलाव आदि है।

(ख): अवसरंचना परियोजनाओं को बिना विलंब के पूरा करने को सुनिश्चित करने के लिए उठाए गए मुख्य कदमों में निम्नलिखित शामिल है:- मंत्रालय में विभिन्न स्तरों द्वारा परियोजना की आवधिक समीक्षा, सुव्यवस्थित परियोजना मूल्यांकन एवं वित्त पोषण दिशा-निर्देश। मंत्रालय समय-समय पर समुद्री राज्य विकास परिषद (एमएसडीसी) की बैठकें आयोजित करता है और सागरमाला परियोजनाओं के तीव्रगामी कार्यान्वयन हेतु विभिन्न हितधारकों के बीच तालमेल बनाने के लिए तटीय राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को राज्य सागरमाला समिति की बैठकें आयोजित करने के लिए भी प्रोत्साहित करता है। अब तक महाराष्ट्र सहित विभिन्न राज्य सरकारों के साथ एमएसडीसी की उन्नीस बैठकें आयोजित हो चुकी हैं। एमएसडीसी की पिछली बैठक दिनांक 19.08.2023 को आयोजित की गई थी। इसके अलावा, सकल नीति दिशा-निर्देश और उच्च स्तरीय समन्वय, तथा इस योजना और परियोजनाओं की प्लानिंग और कार्यान्वयन के पहलू की समीक्षा के लिए सागरमाला ढांचे के शीर्ष स्तर पर एक राष्ट्रीय सागरमाला शीर्ष समिति गठित की गई है।

(ग): अत:, सागरमाला योजना के अंतर्गत निधियों को जारी करने में कोई विलंब नहीं हुआ है। मंत्रालय, केन्द्रीय क्षेत्रक योजना के तहत जारी की गई निधियों के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए सागरमाला वित्त पोषण दिशा-निर्देशों एवं अनुर्देशों का निष्ठापूर्वक अनुपालन करता है।

*****